जय अंबे जागोद्धारिणी

जय अंबे जागोद्धारिणी,
जय माते नारायणी,
जय हे दुर्गती हरिणी ,
जय जय हे व्याघ्रासिनी ॥

शुभमति दानी, शुभगति दानी,
भगवती भक्ति प्रदायिनी
मातृरूप धरी वरद शुभंकरी ,
माते चिन्मय रुपिणी ॥

सूरमुनी ध्यावत, पार न पावत,
जननी त्रिभुवन स्वामिनी
आद्या शक्ति दे भवमुक्ति,
माया मोह विनाशिनी ॥

हे गिरीनंदिनी विश्वविनोदिनी
विष्णू विलासिनी मोहिनी
शैलसुते हे रम्य कपर्दिनी
जय महिषासुर मर्दिनी ॥

गीत - संगीत : अरुण सराफ
गायन : पंडित आनंद भाटे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8228/title/jay-ambe-jagoddharini-jai-maate-narayani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |